कह दीजो मुरली वाले से

मोहे बिन ब्याहे ले जाये कह दीजो मुरली वाले से,
कह दीजो मुरली वाले से कह दीजो नंद के लाला से,
मोहे बिन ब्याहे ले जाये.....

मोहर बांधके तू मत आइयो,
हल्दी तेल उगटन मत करियो,
मत कंगना लीयो बंदवाय, कह दीजो मुरली वाले से,
मोहे बिन ब्याहे ले जाये.....

घोड़ी चढ़कर तू मत आइयो,
भैया भतीजे तू मत लाइयो,
मत लईयो मेरी बारात, कह दीजो मुरली वाले से,
मोहे बिन ब्याहे ले जाये.....

भैया मेरे ने करी रे सगाई,
शिशुपाल संग जोड़ी बनाई,
मैं तो मरूंगी जहर बिस खाए, कह दीजो मुरली वाले से,
मोहे बिन ब्याहे ले जाये.....

गौरी पूजन को मैं जाऊंगी,
सखी सहेली संग लाऊंगी,
ले जइयो अधर उड़ाए, कह दीजो मुरली वाले से,
मोहे बिन ब्याहे ले जाये.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26438/title/keh-dijo-murli-wale-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |